सीसीटीएनएस/ ई–मेल

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्रांक:टीएस–सीसीटीएनएस–49/2010(T.P.A) दिनांक:जुलाई 3 ,2014

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक,
जोन–मेरठ, बरेली, कानपुर, इलाहाबाद, लखनऊ, गोरखपुर एवं वाराणसी।

विषय:– **सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत रोल बेस्ड प्रशिक्षित कार्मिकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता में परीक्षण के उपरान्त पुलिस कार्मिकों को थाना स्तर पर समाहित करने हेतु अपने अधीन के जनपदों में थानों की संख्या के सापेक्ष आरक्षी नियुक्त करने के सम्बन्ध में।**

जैसा कि आप विदित है कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत रोल बेस्ड प्रशिक्षित कार्मिकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता में परीक्षण किया जा रहा है। दिनांक: 15–06–2014 की स्थिति के अनुसार ज्ञात हुआ है कि **संलग्नक–ए** में वर्णित जनपदों में थानों की संख्या के सापेक्ष कम आरक्षी उत्तीर्ण घोषित किये गये हैं। थानों की संख्या के सापेक्ष उत्तीर्ण आरक्षी यदि कम संख्या में उपलब्ध हैं तो सीसीटीएनएस योजना को प्रभावी रूप से लागू करने में जनपद स्तर पर कठिनाईयों का सामना करना पडेगा ।

2– उल्लेखनीय है कि **संलग्नक–बी** में वर्णित जनपदों में थानों की संख्या के सापेक्ष अधिक आरक्षी उत्तीर्ण घोषित किये गये हैं, जिनका विवरण जनपद वार संलग्न है।

3– उपर्युक्त के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके संलग्नक–बी में वर्णित जनपदों से संलग्नक–ए में वर्णित जनपदों में थानों की संख्या के सापेक्ष सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत रोल बेस्ड प्रशिक्षित कार्मिकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता में परीक्षण के उपरान्त उत्तीर्ण आरक्षी नियुक्त अथवा स्थानान्तरित करने का कष्ट करें, ताकि सीसीटीएनएस योजना का सफल कियान्वयन जनपद स्तर पर कराया जा सके।

संलग्नक:यथोपरि।

2/7/14
(आर0के0विश्वकर्मा)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0,
लखनऊ।

प्रतिलिपि:– पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद को आवश्यक कार्यवाही हेतु।